MODI@3: मोदी सरकार के तीन साल के जश्न की थीम है 'MODI'

20 दिन के जश्न में बीजेपी करेगी देश भ्रमण, मोदी ईमेज होगी थीम

aajtak.in [Edited by: राहुल मिश्र] @gangetic (https://twitter.com/gangetic)
नई दिल्ली, 24 मई 2017, अपडेटेड 12:31 IST

बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के तीन साल का कार्यकाल पूरा होने का आखिरी 100 घंटा चल रहा है. केन्द्र सरकार इन तीन साल की अपनी उपलब्धियां गिनाने के लिए जोरशोर से तैयारी कर रही है. पार्टी इस मौके को एक राष्ट्रव्यापी जश्न के तौर पर मनाने जा रही है और इस जश्न में उसकी कोशिश प्रधानमंत्री मोदी को बतौर ब्रांड देश के सामने रखने का है. इस जश्न का नाम भी MODI है.

गौरतलब है कि पार्टी ने केन्द्रीय मंत्री और वरिष्ठ नेताओं को जिम्मा दिया है कि वह 25 मई से 15 जून तक पूरे देश का दौरा कर प्रधानमंत्री मोदी की MODI छवि (Making of Developed India - MODI) का उल्लेख करें. इस काम के लिए पार्टी ने अपने 450 से अधिक नेताओं को लगाया है जिसमें केन्द्र सरकार के सभी मंत्री शामिल हैं.

इसे भी पढ़ें: MODI@3: आम चुनाव 2019 से पहले मोदी के पक्ष में होंगे ये आर्थिक आंकड़े? (http://aajtak.intoday.in/story/pm-narendra-modi-economic-indicators-government-three-year-tenure-report-card-1-928798.html)

25 मई से शुरू हो रहे इस जश्न में मोदी के मंत्री और पार्टी के बड़े-छोटे नेता अगले 20 दिनों तक देश में 900 जगहों का दौरा करेंगे. केन्द्रीय मंत्रियों के अलावा राज्यों के मुख्यमंत्री, अन्य मंत्री और पूरी पार्टी को इस जश्न के लिए लगाया गया है. सभी नेताओं और मंत्रियों को जगह-जगह रैलियां करके मोदी सरकार की तीन साल की उपलब्धियों के बारे में जनता को बताना होगा.

इस जश्न के बीच हालांकि प्रधानमंत्री मोदी को विदेश यात्रा भी करनी है. लेकिन जश्न की शुरुआत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी असम जाएंगे और गुवाहाटी में जनसभा करेंगे. पार्टी अध्यक्ष अमित शाह ने त्रिवेंद्रम और गंगटोक में जनसभा करने का फैसला किया है.

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी को एक ब्रांड की तरह पेश करते हुए उनकी महत्वपूर्ण और महत्वकांक्षी योजनाओं को भी जनता के सामने प्रमुखता से रखी जाएगी. बीजेपी के सभी मुख्यकमंत्री और उप मुख्यकमंत्री प्रेस कॉन्फ्रेंस या किसी और कार्यक्रम के बहाने मोदी सरकार की उपलब्धियां का उल्लेख करेंगे. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यरनाथ भी पटना जाएंगे और उप मुख्य.मंत्री केशव मौर्या नालंदा में मौजूद रहेंगे.

क्या जमीन बचाने सहारनपुर पहुंचीं मायावती?

Prev

जारी रहेगी सर्जिकल स्ट्राइक, सेना ने की इलाकों की [illegible]
(http://aajtak.intoday.in/story/india-counter-attack-more-army-action-expected-may-release-fresh-video-1-931069.html)

Next

कैसे मायावती की राजनीति के लिए चुनौती है भीम आर्मी?
(http://aajtak.intoday.in/story/bhim
army-emerges-as-challenge-